NEWS CLIPPING: 23.03.2017

DAINIK TRIBUNE

फरीदबाद में रक्तदान शिविर के दौरान विद्यार्थियों के साथ महापौर सुमन बाला, पार्षद धनेश अदलक्खा व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। शिव

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 22 March 2017 epaper.dainiktribuneonline.c

शिविर में 250 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

फरीदाबाद, 21 मार्च (हप्र)

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की एनएसएस तथा यूथ रेडक्रॉस विंग द्वारा भारतीय विकास परिषद्, फरीदाबाद शाखा के सहयोग से मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। नगर निगम की महापौर सुमन बाला ने भी रक्तदान शिविर का दौरा किया। शिविर में लगभग 250 से अधिक विद्यार्थियों, कर्मचारियों व संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके दायित्वों को समझने और निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। कुलपति ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए डॉ. प्रदीप डिमरी, निदेशक, युवा कल्याण व उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों, स्टॉफ तथा भारतीय विकास परिषद् के पदाधिकारियों का आभार जताया।

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 22 March 2017 epaper.dainiktribuneonline.c

NEWS CLIPPING: 23.03.2017

NAVBHARAT TIMES

कैंप में किया ब्लड डोनेट

■ **वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस विंग की ओर से भारतीय विकास परिषद, फरीदाबाद शाखा के सहयोग से मंगलवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। सुबह करीब 9:30 बजे शिविर का शुभारंभ वाइस चांसलर प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर सुमन बाला, पार्षद धनेश अदलखा भी मौजूद रहे। इस शिविर में 250 से अधिक स्टूडेंट्स, कर्मचारियों व संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया।

NEWS CLIPPING: 23.03.2017

PUNJAB KESARI

शिविर में 250 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

फरीदाबाद, 21 मार्च (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद की एनएसएस तथा यूथ रैडक्रॉस विंग द्वारा भारतीय विकास परिषद फरीदाबाद शाखा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर में हिस्सा लेना अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो 'देने के सुख' की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों को समाज के प्रति उनके दायित्वों को समझने और निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रक्तदान करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं को ऐसे नेक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान में हिस्सा लेना चाहिए। शिविर के संचालक सांस्कृतिक अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 22 March 2017
epaper.punjabkesari.in//c/17715555